दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-286 रविवार 16 अक्टूबर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## 'करियर काउंसलिंग' सत्र का आयोजन



**फरीदाबाद, 15 अक्टूबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** शनिवार को अग्रवाल कॉलेज में 'कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल' के संयुक्त तत्वावधान में एक 'करियर काउंसलिंग' सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए कैरियर कोर्सेज और जागरूकता के लिए आयोजित किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु एवं संभाग तृतीय के प्रभारी डॉ० संजीव गुप्ता के कुशल नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। डॉ० संजीव गुप्ता ने वर्तमान परिपेक्ष्य में रोजगार संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए अनेक व्यवसायिक कोर्स के बारे में बताया। आज के इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संजय वोहरा (निदेशक आई.ए.एम. एस. एम.ई ऑफ इंडिया) ने विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक कोर्स की जानकारी दी जिससे विद्यार्थी अपनी अपने कौशल को निखार सके और जल्द से जल्द अच्छे रोजगार प्राप्त कर सकें। भारत सरकार के सहयोग से चलते इस प्रोजेक्ट ड्राइव के तहत उन्होंने बेरोजगारी की समस्या एवं समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम संयोजिका डॉ० शिल्पा गोयल ने आई. एम.एस.एस.एम.ई ऑफ इंडिया का आभार व्यक्त किया। इस जागरूकता ड्राइव में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ सचिन गर्ग द्वारा किया गया। ज्योति गुप्ता, सोनिया, शैली मलिक और रितिका सभी के प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक सार्थक सिद्ध हुआ।

# कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक 'करियर काउंसलिंग' सत्र का आयोजन

**नेशनल प्रहरी/ संवाददाता**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 'कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल' के संयुक्त तत्वावधान में एक 'करियर काउंसलिंग' सत्र का आयोजन 15अक्टूबर 2022 को किया गया। यह सत्र महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए कैरियर कोर्सेज और जागरूकता के लिए आयोजित किया गया।



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु एवं संभाग तृतीय के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता के कुशल नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। डॉ.संजीव गुप्ता ने वर्तमान परिपेक्ष्य में रोजगार संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए अनेक व्यवसायिक कोर्स के बारे में बताया।

आज के इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संजय वोहरा,निदेशक आई.ए.एम.एस.एम.ई. ऑफ इंडिया ने विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक कोर्स की जानकारी दी जिससे विद्यार्थी अपनी अपने कौशल को निखार सके और जल्द से जल्द अच्छे रोजगार प्राप्त कर सकें। भारत सरकार के सहयोग से चलते इस प्रोजेक्ट ड्राइव के तहत उन्होंने बेरोजगारी की समस्या एवं समाधान पर चर्चा की।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ0 शिल्पा गोयल ने आई. एम.एस.एस.एम.ई ऑफ इंडिया का आभार व्यक्त किया। इस जागरूकता ड्राइव में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ सचिन गर्ग द्वारा किया गया। ज्योति गुप्ता, सोनिया, शैली मलिक और रितिका सभी के प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक सार्थक सिद्ध हुआ।